तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 24 मार्च 2024

13 कॉलेज में खेली गई सद्भावना होली...


14 बच्चों ने खेली होली, जमकर उड़ाए अबीर-गुलाल




छ.ग.-प्री.बी.एड.
प्रवेश परीक्षा 2024
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि
24/03/2024
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

# रात 10.38 बजे तक भद्रा का साया, होलिका दहन के लिए 74 मिनटों का शुभ मुहूर्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

रंगों के पर्व होली को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। रंगोत्सव से पहले आज शहर सहित ग्रामीण इलाकों में होलिका दहन किया जाएगा। चौक-चौराहों सहित कॉलोनियों में भी लोगों ने लकड़ी सहित कंडों को इकट्ठा कर होलिका तैयार की है। होलिका दहन करने के लिए लोगों को भद्रा की साया होने के चलते रात साढ़े दस बजे तक का इंतजार करना होगा, इसके बाद 74 मिनटों का शुभ मुहूर्त मिलने वाला है। स्थानीय पंडितों से मिली जानकारी के अनुसार भद्रा की साया के दौरान होलिका दहन नहीं किया जाता है। यही कारण है कि उन्होंने रात 10.28 मिनट पर भद्रा की साया हटने के बाद ही होलिका दहन करने की सलाह दी है। पंडितों ने बताया कि पूर्णिमा तिथि 24 मार्च को सुबह 9.55 बजे से प्रारंभ होगी। इसी के साथ भद्रा भी शुरू होकर रात 11.15 बजे तक रहेगी। पूर्णिमा तिथि 25 मार्च सोमवार को दोपहर 12.29 बजे तक है। भद्रा काल के बाद रात 11.15 बजे से 12.29 बजे तक होलिका दहन के लिए सर्वोत्तम समय रहेगा। इधर होलिका दहन की तैयारी कई दिनों पहले से की शुरू कर दी गई थी। होलिका दहन वाले स्थान पर लकड़ियां, उपले और अन्य जलाने वाली चीजों को एकत्रित किया गया, जिसे आज होलिका दहन के शुभ मुहूर्त पर विधिवत रूप से पूजन करते हुए होलिका में आग लगाई जाएगी, फिर होलिका की परिक्रमा करते हुए पूजा सामग्री को होलिका में डाला जाएगा।

### शहरभर में आयोजन

होली पर्व के तहत ठंडी होली पूजन कल रविवार यानि 24 मार्च को सुबह 9.50 बजे तक होगी। इसके पश्चात सुबह 9.55 बजे से भद्रा लगेगा। होलिका दहन रात्रि 11.20 बजे होगा। इसके पूर्व रात्रि 8 बजे से हरिसत्संग भजन मंडली द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके अलावा भी शहर के लगभग सभी वार्डों में एक से दो स्थानों में छोटे-बड़े होलिका दहन के आयोजन किए जा रहे हैं।



### रवि-सर्वार्थ सिद्धि योग

होलिका दहन के लिए रात 11 बजकर 15 मिनट से देर रात 12 बजकर 29 मिनट के मध्य करीबन 1 घंटा 14 मिनट का शुभ समय प्राप्त होगा। इस बार होलिका दहन के दिन सर्वार्थ सिद्धि योग और रवि योग बन रहा है। सर्वार्थ सिद्धि योग सुबह 7.34 बजे से अगले दिन सुबह 6.19 बजे तक है। वहीं रवि योग सुबह 6.20 बजे से सुबह 7.34 बजे तक है।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर की आत्महत्या

**महासमुंद।** सरायपाली थाना क्षेत्र के संतराम सिदार पिता कार्तिकराम (45) वार्ड नं. 02 वीरेंद्र नगर निवासी ने अपने घर में अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### फांसी लगाने से महिला की मौत

**महासमुंद।** तेंदूकोना क्षेत्र के ग्राम बुंदेली से महिला की फांसी लगाने से मौत हो गई। पुलिस ने बाताया कि मृतका रेवती दीवान पिता स्व. श्यामलाल दीवान (49) की अज्ञात कारणों से फांसी लगा लेने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### जहर सेवन से मौत

**महासमुंद।** कोमाखान थाना क्षेत्र अंतर्गत जहर सेवन से एक युवक की मौत होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि संजय निषाद पिता कन्हैया लाल (35) ग्राम सिमगांव ने बीते शुक्रवार को अज्ञात कारणों से जहर सेवन कर लिया था, जिसे परिजनों ने अंबेडकर अस्पताल रायपुर में भर्ती किया था।

### बागबाहरा पुलिस ने जब्त किया 5 किलो गांजा

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने 5 किलो गांजा जब्त कर दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी राजेश सिन्हा पिता महेतरू सिन्हा (45) निवासी उरला वार्ड नं. 5 सकरी जिला रायपुर व एक अन्य के पास से 5 किलो 500 ग्राम गांजा कीमत 110000 रुपए को जब्त किया है। इसके अलावा आरोपियों के पास मोटर साइकिल व दो मोबाइल भी जब्त किया गया है।

### आचार संहिता लगने से फीका पड़ा होली का रंग

**महासमुंद।** आगामी लोकसभा चुनाव के चलते लगे आचार संहिता का असर होली के त्यौहार पर दिख रहा है। वैसे तो होली की तैयारी और मनाया जाना सप्ताह भर पहले ही शुरू हो जाता है। लोग रंग, पिचकारी, होलिका दहन को लेकर सामान जुटाने की तैयारी शुरू कर देते हैं, लेकिन इस बार आचार संहिता के चलते लगाई गई पाबंदियों का असर पर्व पर दिखने लगा है।

हादसा : विभागीय कार्रवाई का अभाव : क्षेत्र में बड़े पैमाने पर चल रहा कारोबार

# क्रेशर मशीन में हादसा, महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

नगर में स्थित रामचंद्रो नामक एक क्रेशर मशीन में बड़ा हादसा हो गया है। क्रेशर में काम कर रही महिला हादसे का शिकार हुई है। क्रेशर संचालकों द्वारा हादसे को दबाने का भी प्रयास किया जा रहा है। बिलाईगढ़ पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। मृतिका का नाम रामोतिन बाई कुर्रे 39 वर्ष टाडापारा (बिलाईगढ़) निवासी बतायी गई है।

**बिलाईगढ़ नगर है प्रदूषण की चपेट में:** बिलाईगढ़ नगर के अंतिम छोर और बाजार के पास ही क्रेशर संचालित हो रहा है, जिसकी वजह से आने जाने वाले लोगों के साथ ही साथ बिलाईगढ़ नगरवासियों को प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा है। यहां से आने जाने वाले लोगों को धूल की वजह से परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार तो सड़क हादसे भी हो जाते हैं। धूल और प्रदूषण की वजह से बिलाईगढ़ नगर में रहने वाले लोग कई प्रकार के बीमारियों का भी शिकार हो रहे हैं, लेकिन इन सब के बावजूद अब तक क्रेशर संचालकों पर कार्रवाई देखने को नहीं मिल रही है।

**मंत्री टंकराम के आदेश पर कार्रवाई टाय-टाय फिस्स**

### क्षेत्रीय नेताओं का भी है अवैध कार्य करने वालों पर आशीर्वाद

इस पूरे मामले में कई अधिकारियों से जब चर्चा की गई तो उनका कहना है कि कार्रवाई करने के पश्चात क्षेत्रीय नेताओं का दबाव उन पर आ जाता है, जिससे साफ जाहिर है कि अवैध रूप से पत्थर खदानों और अवैध क्रेशर संचालकों पर क्षेत्रीय नेताओं का आशीर्वाद बना है। इस कारण कड़ी कार्रवाई देखने को नहीं मिल पा रही है। अधिकारियों का कहना है कि हम तो कार्रवाई करने के लिए तैयार है, लेकिन अधिकारियों पर बड़े नेताओं का दबाव हमेशा रहता है, जिसकी वजह से वह कार्रवाई नहीं कर पाते। नेताओं द्वारा स्थानांतरण कराने तक की बात कर दी जाती है।



### माहभर पहले मृतिका के बेटे की हुई थी हादसे में मौत

बता दे कि करीब एक माह पहले मृतिका रमोतिन कुर्रे के बेटे प्रसांत 9 वर्ष की घर से बाहर खेलने के दौरान ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौत हो गई थी। 1 माह के भीतर उक्त घर में यह दूसरा बड़ा हादसा हो गया है, जिसमें बिलाईगढ़ पुलिस द्वारा मर्ग कायम किया गया है और जांच कार्रवाई भी की जा रही है।

### क्षेत्र में कई अवैध क्रेशर है संचालित

बता दें कि बिलाईगढ़ क्षेत्र में कई अवैध क्रेशर एवं पत्थर खदान संचालित है, जिस पर लगाम लगा पाना प्रशासन के लिए भी अब चुनौती बना हुआ है। लगातार क्रेशरों में हादसे की खबर निकल कर सामने आती है, लेकिन संचालकों द्वारा मोटा रकम देकर हादसों को दबा दिया जाता है और क्रेशरो की चपेट में आकर कई परिवार बिखर जा रहे हैं, जिस पर प्रशासन आंख बंद कर बैठा है। इतना बड़ा हादस होने के बाद भी अब तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई क्रेशर एवं पत्थर खदानों पर नहीं की जा रही है। कई बार अधिकारियों से पूछने पर जांच का हवाला दे दिया जाता है।

### प्रभारी मंत्री के निर्देश के बाद भी नहीं हो रही कार्रवाई

जिले के प्रभारी मंत्री एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने बीते दिनों मीडिया से चर्चा में कहा है कि क्षेत्र में अवैध पत्थर खदान, अवैध खनिज परिवहन और क्रशरों पर कार्रवाई के निर्देश कलेक्टर को दे दिए गए हैं, इसके बाद भी माइनिंग विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी आंख बंद कर बैठे हुए हैं और प्रभारी मंत्री के निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है। प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा के आदेश को ठेंगा दिखाया जा रहा है। अब जब हादसा हो ही चुका है तब क्रेशर संचालकों द्वारा हादसे को दबाने का भी प्रयास किया जा रहा है और परिजनों पर दबाव भी डाला जा रहा है। अब हादसा होने के बाद रामचंद्रो क्रेशर संचालक के साथ-साथ क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित क्रेशर और पत्थर खदानों पर क्या कुछ कार्रवाई की जाती है यह सबसे बड़ा सवाल है।

# होली से पहले 5 व्यक्ति गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

शहर पुलिस ने असामाजिक तत्वों एवं शांति व्यवस्था बाधित करने वाले तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखी है। इसी कड़ी में पुलिस ने असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई करते हुए शनिवार को 5 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया।

वहीं दूसरी ओर भाटापारा ग्रामीण पुलिस द्वारा ग्राम अर्जुनी हेमु ढाबा के सामने मेन रोड के पास दो आरोपी को एक स्कूटी से अवैध रूप से शराब बिक्री करने ले जाते पाए जाने पर गिरफ्तार किया। इसी तरह भाटापारा ग्रामीण से प्रधान आरक्षक जसवंत ठाकुर, आर अजय साहू, रवि साहू की पुलिस टीम ने ग्राम अर्जुनी हेमू ढाबा के सामने मेन रोड में अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु परिवहन करने वाले दो शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से 96 पौवा देशी मसाला शराब एवं एक स्कूटी हीरो प्लेजर को जब्त किया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना भाटापारा ग्रामीण में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को जेल भेजने की प्रक्रिया जारी है।

# दो युवकों से 33 लीटर महुआ शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

होली पर्व को देखते हुए पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री और महुआ शराब बनाने वालों बड़ी संख्या में दबोचा है। पुलिस ने शनिवार को टुंडरीसबरिया डेरा एवं तेंदूमुड़ी में कार्रवाई करते हुए दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। उनके कब्जे से 33 लीटर महुआ शराब जब्त की है।

जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली की ग्राम टुंडरीसबरिया डेरा एवं तेंदूमुड़ी में अवैध महुआ शराब शराब बनाकर बेची जाती है। पुलिस टीम के साथ ग्राम तेन्दुमुड़ी पहुंची और देवप्रसाद पिता धनीराम पटेल के घर दबीश दी, जहां उसके कब्जे से 8 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। इसी तरह परमेश्वर



पिता तुलसी गोंड 22 वर्ष सकिन टुंडरी सांवरिया डेरा में भी कार्रवाई करते हुए 25 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब जब्त की गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार दो लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

ग्राम लांजा के चील गेट के पास गुरुवार रात आठ बजे बाइक सवार दो लोगों को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। इस घटना में बाइक में सवार दो लोगों की मौके पर मौत हो गई।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 21 मार्च की रात लगभग 8 बजे सिमगा-तिल्दा मार्ग में ग्राम लांजा के चील गेट के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि ग्राम बिनैका निवासी मृतक अनिल बंजारे पिता संतोष बंजारे 19 वर्ष मोटरसाइकिल से अपने पारिवारिक भाई निखिलेश धृतलहरे पिता संजय धृतलहरे 17 वर्ष निवासी ग्राम खैरघट सिमगा गये थे। बिनैका वापस लौटते समय ग्राम लांजा के चील गेट के पास रात लगभग 8 बजे सामने से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने बाइक को ठोकर मार दिया, जिससे दोनों युवक गिर गये तथा युवकों के सिर व शरीर में गंभीर चोटें लगने से मौके पर ही अनिल कुमार बंजारे एवं निखिलेश धृतलहरे की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा-304 ए कायम कर मामले को विवेचना में लिया है। वहीं शव का पंचनामा कर दूसरे दिन पीएम पश्चात परिजनों को सौंप दिया गया।

# बिलाईगढ़ में 110 मरीजों को दी गई टीबी की दवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 24 मार्च को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अवधेश पाणिग्रही सांरगढ़–बिलाईगढ़ के निर्देशानुसार खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र वैष्णव के मार्गदर्शन में विश्व टीबी दिवस मनाया गया, जिसमें टीबी को खत्म करने की शपथ ली। डॉ. राजेश प्रधान चिकित्सा अधिकारी, आकाश कुमार सिदार एसटीएस, अविनाश देवांगन एमएलटी, प्रीतम पैकरा, तोषण साहू नेत्र सहायक अधिकारी उपस्थित रहेस खंड चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि बिलाईगढ़ ब्लॉक में सत्र 2023–2024 में टीबी के मरीजों की संख्या 226 है, जिसमें 126 मरीज टीबी की दवाई का सेवन कर चुके हैं और और वे पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं। वर्तमान में अभी 110 मरीज टीबी की दवाई खा रहे हैं और इनका इलाज चल रहा है।

- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मनाया गया क्षय दिवस

ग्राम स्तर में मितानिन और स्वास्थ्य विभाग के ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरुष माह में दो बार इन मरीजों के घर जाकर मरीज और घर के सदस्यों की स्वास्थ्य संबंधी जानकारी लेते हैं। उस मोहल्ले में खांसी के मरीजों का सर्वे करते हैं, इससे यह पता चल सके कि वह मरीज दूसरे लोगों को टीबी की बीमारी फैल तो नहीं रहा है। सभी ग्रामों में हर ⏩ शेष पेज 13 पर

छत्तीसगढ़ी परंपरा के अनुसार लोटे में जल देकर स्वागत किया गया

# नवापारा के बच्चों ने स्वादिष्ट भोजन का लिया आनंद



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत सभी शासकीय स्कूलों में न्योता भोज का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत सिमगा विकासखंड के पूर्व माध्यमिक विद्यालय नवापारा में न्योता भोज का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट भोजन, मिष्ठान व फलों का आनंद बच्चों ने लिया। उपस्थित जन प्रतिनिधियों व पालकों का छत्तीसगढ़ी परंपरा के अनुसार लोटे में जल देकर स्वागत किया गया। स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए हाथ धुलाई कर सभी ने एक साथ बैठकर भोजन मंत्र कर मां अन्नपूर्णा व जय जवान जय किसान के जयकारे कर भोजन आरंभ किया। संकुल समन्वय फलेंद्र कैवर्त्य ने भोजन मंत्र का महत्व बताते हुए कहा कि उक्त भोज का आयोजन महिला स्व सहायता समूह नवापारा द्वारा किया गया है। न्योता भोज कोई भी समूह, संस्था या व्यक्ति करा सकता है। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के भजन में पोषक तत्वों को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में प्रधानपाठक देवकी राय, शिक्षक सत्येंद्र चौबे, व्याख्याता ठाकुर राम साहू, महेश शुक्ला, अजय वर्मा, डीएल साहू, दिलीप सिन्हा, प्रधान पाठक ताराचंद जायसवाल, हायर सेकंडरी स्कूल के समस्त शिक्षिकाओं, व्यायाम शिक्षक व मीडिया प्रभारी वीरेंद्र पटेल सहित जनप्रतिनिधियों व पालकों ने सफल आयोजन के लिए महिला स्व सहायता समूह को शुभकामनाएं दी।

### गितकेरा स्कूल में हुआ न्योता भोज का आयोजन



**पलारी।** विकासखंड के दूरस्थ अंचल में स्थित संकुल केन्द्र गितकेरा के शासकीय प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला गितकेरा में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत विद्यालय के प्रधान पाठक सीमा वर्मा ने पुत्र सूयांर्श वर्मा के जन्मोत्सव पर न्योता–भोजन का आयोजन किया। यह आयोजन शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चंद्रकिरण वर्मा, सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक शत्रुघ्न वर्मा, जनक राम वर्मा, शाला विकास समिति के सदस्यों के आतिथ्य में संपन्न हुआ। सभी ने बच्चों के साथ खीर, पूरी, फल, पकवान का आनंद लिया। उक्त अवसर पर संकुल समन्वय प्रमोद कुमार साहू ने बताया प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना में समुदाय, जनप्रतिनिधि, समाज सेवियों व पालक की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए न्योता भोजन की अवधारणा रखी गई है। इस योजना के अंतर्गत जन्मदिन ⏩ शेष पेज 13 पर

हरिभूमि पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान
पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं
समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं
खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप

### सीएम साय को भेंट की मोदी मैजिक पुस्तक



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को अमित चिमनानी ने अपनी लिखित पुस्तक मोदी मैजिक भेंट की। इस अवसर पर सीएम श्री साय ने कहा कि भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी सीए अमित चिमनानी की किताब मोदी मैजिक के लिए उन्हें अपनी शुभकामनाएं प्रदान करता हूं। निश्चित ही यह किताब जनमानस तक पहुंचकर पीएम मोदी के जनकल्याणकारी कार्यों को तथ्यों एवं आंकड़ों के साथ समझने में एक श्रृंखला का कार्य करेगी।

### व्यापारी संघ के सदस्यों ने किया भाजपा प्रवेश



**रायपुर।** कांग्रेस नेता अमर गिदवानी एवं तेजकुमार बजाज के नेतृत्व में कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के समक्ष कटोरा तालाब व्यापारी संघ, पूज्य सिंधी पंचायत कटोरा तालाब, उत्तर-दक्षिण विधानसभा एवं गोदड़ीधाम के लगभग 100 पदाधिकारियों ने भाजपा प्रवेश किया। इस दौरान रमेश कलश, सुरेश सहगल, विजय नागवानी, सर्वजीत सिंह चंढोक, लवली भाटिया, रितेश जसवानी, अक्षय सहगल, विवेक, अभिषेक बजाज, गगनदीप सिंह कोहली, जसप्रीत सिंह कोहली, राजकुमार पंजवानी, रवि पंजवानी, नरेश लहरवानी, सुरेश टहिल्यानी, पीयूष कोडवानी, विजय कोडवानी, वासु जोतवानी, महेश हरजानी, सुनील काशवानी, रॉकी काशवानी, जय पंजवानी, साहिल राजपूत, विक्की माखीजानी, राजू किंगरानी, कमल खूबचंदानी, राज बजाज, भावेश, नरेश परयानी आदि ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

### मिष्ठान भंडार में गंदगी 7 हजार जुर्माना

**रायपुर।** निगम के स्वास्थ्य अधिकारी ने जन शिकायत के आधार पर मालवीय रोड स्थित गुजराती मिष्ठान भंडार में सफाई का जायजा लिया। इस दौरान मिष्ठान भंडार में अपना आउटलेट नहीं बनवाने, हॉटल में साफ-सफाई का अभाव पाया गया। यही नहीं, हॉटल का मलबा नाली में डाला जा रहा था। जन शिकायत सही मिलने पर संचालक को चेतावनी देते हुए 7 हजार रुपए जुर्माना करने निर्देश दिये। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर जोन 3 के काली माता वार्ड और पंडित भगवतीचरण शुक्ल वार्ड के क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया।

### निर्माण सामग्री जब्त

**रायपुर।** नगर निगम जोन 1 ने वीर शिवाजी वार्ड में खमतराई मुख्य मार्ग का प्रत्यक्ष किया। इस दौरान सड़क पर निर्माणाधीन भवन के सामने भवन निर्माण सामग्री रेत, गिट्टी रखी पायी गयी। जोन कमिश्नर हितेश यादव के निर्देश पर कार्यपालन अभियंता गजाराम कंवर की टीम ने भवन स्वामी भगतराम देवांगन से 1,000 रुपये सड़क बाधा शुल्क वसूला। सड़क पर रखी निर्माण सामग्री को जेसीबी मशीन की सहायता से सड़क से जब्त किया गया।

# समाज कल्याण एवं मत्स्य पालन के दफ्तर में 15 कर्मचारी मिले अनुपस्थित, सभी को कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

जिला कलेक्टर गौरव सिंह के औचक निरीक्षण से जिले के विभिन्न विभागों के दफ्तरों में पदस्थ कर्मचारियों के ड्यूटी से गायब रहने एवं घंटों विलंब से आने की पोल खुलने लगी है। कलेक्टर ने शुक्रवार को सुबह 10.25 से 11.40 बजे के बीच कलेक्टोरेट परिसर स्थित समाज कल्याण और तेलीबांधा स्थित उप संचालक मत्स्य पालन विभाग के कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान इन दोनों कार्यालयों में 15 कर्मचारी अनुपस्थित मिले, जिसके बाद कलेक्टर के निर्देश पर सभी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इससे एक दिन पूर्व भी कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कृषि, खाद्य, आबकारी, भू-अभिलेख, आदिवासी विकास आदि कार्यालयों का भी निरीक्षण करते हुए 127 कर्मचारियों को कार्यालयों में अनुपस्थित पाए जाने पर नोटिस जारी कराया है।

जिले में एक ओर जहां लोकसभा चुनाव की तैयारियां चल रही है, वहीं दूसरी ओर विभिन्न विभागों के कार्यालयों में पदस्थ कर्मचारियों का अपने ड्यूटी के प्रति लापरवाही एवं मनमानी देखी जा रही है। कर्मचारी बिना पूर्व अनुमति के कभी भी छुट्टी ले लेते हैं, वहीं कई कर्मचारी घंटों विलंब से ड्यूटी पर पहुंच रहे हैं। इसके कारण इन विभागों में जहां कामकाज प्रभावित हो रहा है, वहीं आम लोगों को भी अपने काम के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

### कलेक्टर गौरव सिंह ने किया औचक निरीक्षण




#### 15 कर्मचारियों का कटेगा एक दिन का वेतन

कलेक्टर ने जिले के विभिन्न विभागों के कार्यालयों में कर्मचारियों की उपिस्थिति एवं समय पर पहुंच रहे है या नहीं इसकी जांच करने सुबह साढ़े दस बजे औचक निरीक्षण कर रहे है। निरीक्षण के दूसरे दिन वे सुबह 10.25 मिनट पर कलेक्टोरेट परिसर स्थित समाज कल्याण कार्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों की उपस्थिति देखी। कार्यालय में उस समय तक 8 कर्मचारी पहुंचे ही नहीं थे। इसके बाद कलेक्टर ने तेलीबांधा स्थित उपसंचालक मत्स्य पालन विभाग के कार्यालय पहुंचे। यहां वे करीब 10.40 मिनट पर पहुंचे। यहां भी 7 कर्मचारी अनुपस्थित मिले। इस पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए सभी अनुपस्थित कर्मचारियों का असाधारण अवकाश घोषित कर एक दिन का वेतन काटने के लिए निर्देश वित्त शाखा को दिए।

### आहरण संवितरण अधिकारी बिलों में करेंगे डिजिटल हस्ताक्षर

# कोषालयों में सरकारी विभागों के सभी बिलों को दी जाएगी ऑनलाइन मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ के सभी कोषालयों में अधिकारी-कर्मचारियों के सैलरी बिल के साथ अन्य बिलों को भी अब ई-कोष के माध्यम से ऑनलाइन स्वीकृति दी जाएगी, इसके लिए तैयारियां वित्त विभाग द्वारा शुरू कर दी गई हैं। सभी विभागों के आहरण संवितरण अधिकारियों को कोषालय में ऑनलाइन बिल भेजने के लिए डिजिटल सिग्नेचर की सुविधा भी दी जा रही है। बिलों की मंजूरी की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होने से कामकाज आसान होगा, साथ ही बिलों की स्वीकृति तेजी से मिलेगी।

राज्य के सभी कोषालयों में वर्तमान में शासकीय विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों के सैलरी बिल की स्वीकृति के लिए ऑनलाइन सॉफ्टवेयर ई-कोष का इस्तेमाल किया जा रहा है, साथ ही विभागों के माध्यम से बिलों की हार्डकॉपी भी आहरण संवितरण अधिकारियों के हस्ताक्षर के बाद कोषालयों में जमा किए जा रहे हैं। कोषालयों में बिलों की आहरण की अब पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होने के बाद विभागों को बिलों की हार्डकॉपी कोषालयों में जमा करने की जरूरत नहीं होगी।



#### सीएजी को भेजेंगे ऑनलाइन प्रतिवेदन

सैलरी के अलावा अन्य बिलों को भी ऑनलाइन स्वीकृति के लिए संचालनालय कोष लेखा द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही है। ई-कोष के लिए महालेखाकार कार्यालय में अलग से सर्वर भी स्थापित किया गया है। बिलों की ऑनलाईन मंजूरी प्रक्रिया के लिए वित्त विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को सॉफ्टवेयर संचालन से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं का प्रशिक्षण दिया गया है। संचालनालय कोष एवं लेखा द्वारा भी महालेखाकार को भेजा जाने वाले सभी प्रतिवेदन ऑनलाइन भेजे जाएंगे, इसके लिए अलग से सॉफ्टवेयर विकसित किए गए हैं।

#### बार-बार कोषालय जाने की जरूरत नहीं

संचालनालय के अधिकारियों ने बताया कि बिलों के आहरण की पूरी प्रक्रिया ऑनलाईन होने के बाद कोषालयों में बिलों की मंजूरी इसी प्रकार बिलों में आपत्ति लगाने जैसे काम भी ऑनलाईन होंगे। बिलों पर लगाई गई आपत्तियों का निराकरण भी ऑनलाईन होगा। इससे विभागों के कर्मचारियों को बार-बार कोषालय जाने की जरूरत भी नहीं रहेगी।

#### वित्त सचिव ने दिए ये निर्देश

वित्त विभाग के सचिव मुकेश कुमार ने आज इंद्रावती भवन स्थित कोष एवं लेखा संचालनालय में ई-कोष साफ्टवेयर के विभिन्न माड्यूल के संबंध में पूरी जानकारी ली। अधिकारियों ने उन्हें कोषालय में बिल पासिंग की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी। श्री कुमार ने संचालक, कोष एवं लेखा को कोषालयों में पेपर लेस कार्य एक जुलाई 2024 से प्रारंभ किये जाने हेतु आवश्यक तैयारी के निर्देश दिए। इस दौरान पब्लिक फाइनेंस मैनेजमेंट सिस्टम और सिंगल नोडल एजेंसी के संबंध में पावर प्वाइंट प्रेजेन्टेशन भी प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर संचालक (बजट) शारदा वर्मा, संचालक, कोष एवं लेखा महादेव कावरे, संचालक संस्थागत वित्त शीतल शाश्वत वर्मा, वित्त नियंत्रक तिलक सोरी, अखिलेश्वर सिंह, अपर संचालक ई-कोष, अल्पना घोष, अपर संचालक संस्थागत वित्त अमितेश सिंह, उप सचिव (वित्त) ऋषभ पाराशर और पीएल साहरा वरिष्ठ कोषालय अधिकारी उपस्थित थे।

**20 मार्च को लिये सैंपल, होली के पहले आ सकती है रिपोर्ट**

# एक ही दिन में शहर के 12 बोर के 20 नमूने कलेक्ट





हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

नगर निगम के फिल्टर प्लांट ने दो दिन पूर्व डेढ़ दर्जन से ज्यादा स्थानों पर अलग-अलग वार्डों में लगाये सार्वजनिक स्थानों के 12 बोरवेल के पानी की गुणवत्ता जांचने 20 सैंपल कलेक्ट किये। इन पानी के नमूनों की निगम के प्रयोगशाला में जांच कर होली के पूर्व रिपोर्ट आएगी। इसके साथ ही शहर के कुछ पावरपंपों से पानी के सैंपल भी जांच के लिए एकत्र किये गये हैं।

पेयजल स्त्रोतों के पानी की गुणवत्ता जांच के लिए नगर निगम रूटीन जांच के साथ ही जलसंकट संभावित क्षेत्रों के सार्वजनिक हैंडपंप और पावर पंपों से पानी के सैंपल लेकर उसकी जांच करा रहा है। जांच रिपोर्ट में हैवी बैक्टीरिया मिलने पर इसे केवल निस्तारी कार्य के लिए चिन्हांकित किया जायेगा। पीने के लिए संबंधित बोरवेल के उपयोग की मनाही सुनिश्चित की जायेगी। अधिकारियों का कहना है, सार्वजनिक हैंडपंप में 2400 एमपीएन बैक्टीरिया को हैवी बैक्टीरिया माना गया है, जबकि 100 से 400 एमपीएन बैक्टीरिया जांच रिपोर्ट में मिलने पर उसका केमिकल डालकर जल शुद्धिकरण करते उपयोग लायक बनाया जा सकता है।

#### इन इलाकों के लिए सैंपल

गभरापारा, पुजारी नगर, दुर्गा चौक, नयापारा, समलेश्वरी नगर , तेलीबांधा इलाके में स्थित देवार डेरा।

**जोन 9 :** विद्याचरण शुक्ल वार्ड स्थित ब्रम्हदेव नगर, सूरज नगर, बजरंग चौक, जोन 3 क्षेत्र स्थित विनोबा भावे नगर।

#### हर 15 दिन में फिल्टर प्लांट के पानी की जांच

शहरवासियों तक नगर निगम की अलग-अलग पानी टंकियों से रोजाना नलों में होने वाली जल आपूर्ति की जांच के लिए फिल्टर प्लांट के पानी की गुणवत्ता परखने राज्य स्तरीय लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी प्रयोगशाला में पानी की जांच कराई जाती है। यह जांच हर 15 दिन में प्लांट की टेस्टिंग के दौरान कराई जाती है।

# आदिवासी विकास दफ्तर में टला बड़ा हादसा छुट्टी के दिन गिरा फॉल्स सीलिंग का बोर्ड

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राजधानी रायपुर के कलेक्टोरेट की तीन मंजिला बिल्डिंग में संचालित आदिवासी विकास विभाग के दफ्तर में बड़ा हादसे होते-होते टल गया। इस दफ्तर के कमरों में लकड़ी बोर्ड की फॉल्स सीलिंग लगी हुई है। इनमें एक कमरे की फॉल्स सीलिंग का एक बड़ा बोर्ड अचानक टूटकर गिर गया। बोर्ड सीधे टेबल पर जा गिरा, जिससे टेबल पर रखा करीब 6 से 8 एमएम मोटा कांच के कई टुकड़े हो गए। यह हादसा अवकाश के दिन हुआ है, इसलिए हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। अगर यह हादसा दफ्तर के खुले होने के दौरान होता, तो इससे अधिकारी-कर्मचारी हताहत भी हो सकते थे।

आदिवासी विकास विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह घटना 16 मार्च शनिवार के दोपहर करीब 12 बजे की है। इस दिन शासकीय अवकाश था। सूत्रों ने बताया कि जिस कमरे की फाल्स सीलिंग का बोर्ड गिरा है, उस कमरे में अक्सर नर्सिंग के अधिकारी छात्रवृत्ति के आवेदनों की जांच करते हैं। इस कमरे में मोटा कांच लगा एक बड़ा टेबल रखा हुआ है। अधिकारी इस टेबल पर ही काम करते हैं। दफ्तर के अन्य स्टॉफ भी इस कमरे में आते-जाते रहते हैं। सूत्रों ने बताया कि शनिवार को छुट्टी के दिन भी नर्सिंग के अधिकारी छात्रवृत्ति के आवेदनों की जांच करने के लिए यहां आने वाले थे, लेकिन किसी कारण से बाद में आना कैंसिल कर दिया।



#### बिल्डिंग हो चुकी जर्जर

तीन मंजिला कलेक्टोरेट बिल्डिंग के चारों तरफ का बाहरी हिस्सा जर्जर हो गया है। बिल्डिंग के मुख्य गेट के सामने और टाउन हाल की ओर के कई हिस्सों के छज्जें जर्जर होकर टूटकर गिर भी चुके हैं।

#### दो माह पहले गिरा था बरामदे के छज्जे का प्लास्टर

करीब दो माह पहले इसी बिल्डिंग की दूसरी मंजिल में खनिज विभाग के दफ्तर के पास बरामदे में छज्जे का बड़ा स्लैब गिरा था। यह हादसा कलेक्टर के खनिज विभाग के दफ्तर का निरीक्षण करने के करीब 3 घंटे बाद हुआ था।

#### दूसरे कमरों के फॉल्स सीलिंग भी लटक रहे

इस दफ्तर के अन्य कमरों में भी फॉल्स सीलिंग लगी है, जिनका सालों से मेंटनेंस नहीं हो पाया है। इसके कारण इन कमरों के फॉल्स सीलिंग के बोर्ड भी कई जगह से लटकने लगे हैं। इसके कारण इनमें से कई बोर्ड कभी भी गिर सकते हैं, जिससे बड़ा हादसा हो सकता है।

#### खबर का असर : कृषि विभाग के जर्जर कमरे को कराया गया खाली

हरिभूमि ने कृषि विभाग के पूरी तरह जर्जर हो चुके एक कमरे की खबर प्रकाशित की थी। इस कमरे में करीब 8 कर्मचारियों का स्टॉफ बैठता है। कमरे का छज्जा पूरी तरह से जर्जर होने के कारण उसके स्लैब गिर चुके हैं। यह स्लैब भी अवकाश के दिन गिरे थे, इसलिए इस हादसे में भी कर्मचारी बाल-बाल बच गए थे। इस खबर का असर अब देखने को मिला है। विभाग के अधिकारी ने कर्मचारियों की जान की परवाह करते हुए कमरे को खाली करा कर कर्मचारियों को दूसरों कमरों में शिफ्ट करा दिया है। विभाग ने इस कमरे के रेनोवेशन के लिए पांच लाख रुपए का प्रस्ताव भी प्रशासन को भेजा है।

# प्रापर्टी डीलर के कब्जे से इटालियन मेड पिस्टल, कारतूस जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

पुरानी बस्ती थाने की पुलिस ने एक प्रापर्टी डीलर के कब्जे से इटालियन मेड 7.65 एमएम पिस्टल के साथ जिंदा कारतूस जब्त किया है। पकड़े गए प्रापर्टी डीलर के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जेल दाखिल कर दिया है। प्रापर्टी डीलर को पुलिस ने लोगों की शिकायत पर गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक अवैध रूप से पिस्टल रखने के आरोप में पुलिस ने ब्रम्हपुरी निवासी अभिजीत पोद्दार उर्फ ठोकुन दादा को गिरफ्तार किया है। अभिजीत पर आरोप है कि वह अपने क्षेत्र में लोगों को पिस्टल दिखाकर धमका रहा है। इसके बाद पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर अभिजीत के घर की तलाशी लेने के बाद पिस्टल के साथ चार जिंदा कारतूस जब्त किया। पूछताछ में अभिजीत ने पुलिस को बताया है कि कोविड के समय उसे बिहार का एक युवक मिला। बिहार के युवक ने अभिजीत से कहा कि आप प्रापर्टी खरीदी-बिक्री का काम करते हैं, इसके कारण आपको नकदी रकम लाना ले जाना पड़ता है। सुरक्षा के लिए बिहार के उस युवक ने अभिजीत को पिस्टल रखने की सलाह देते हुए अपने पास रखे पिस्टल को सात हजार रुपए में बेचा।

- दो वर्ष पूर्व बिहार के युवक से खरीदी थी पिस्टल



### दिल्ली सीएम की गिरफ्तारी सड़क पर उतरी 'आप'

**रायपुर।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी सड़क पर उतर आई है। देशभर में जारी विरोध-प्रदर्शन के सिलसिलों में छत्तीसगढ़ में भी इसका विरोध करते हुए आप ने प्रदर्शन किया। रायपुर में आंबेडकर चौक पर पार्टी ने प्रदर्शन करते हुए मोदी सरकार और ईडी के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल साहू, प्रदेश महासचिव बदूद आलम, प्रदेश प्रवक्ता सूरज उपाध्याय, प्रदेश सचिव देवलाल नरेठी, उत्तम जायसवाल, प्रियंका शुक्ला, प्रदेश कोषाध्यक्ष जसबीर सिंह ने कहा, दो साल में सैकड़ों बार रेड की जा चुकी है। डेढ़ हजार अफसरों की टीम लगी, लेकिन 5 रुपए भी बरामद नहीं हुए। आम आदमी पार्टी का आरोप है कि केंद्र सरकार विपक्ष को पूरी तरह से खत्म करने के लिए ये हथकंडे अपना रही है।

# लापरवाह वाहन चालक को ड्राइविंग के गुर सिखाने 'यातायात की पाठशाला'



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

लापरवाह वाहन चालकों को ट्रैक पर लाने ट्रैफिक पुलिस लगातार अभियान चलाकर ट्रैफिक सिस्टम को सुधारने का काम करती रही है। एसएसपी के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस द्वारा लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय उन्हें ट्रैक पर लाने तथा ट्रैफिक नियम का पालन कराने शहर के प्रमुख चौराहों पर यातायात की पाठशाला लगाकर ट्रैफिक नियमों के बारे में जानकारी देने के साथ संकल्प पत्र भरवाया जा रहा है। एसएसपी संतोष सिंह के मुताबिक यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित व सुरक्षित बनाने वाहन चालकों में जागरूकता जरूरी है। ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों की प्रमुख चौराहों पर यातायात की पाठशाला लगाई जा रही है। यातायात की पाठशाला में प्रशिक्षित अधिकारियों द्वारा चौराहों पर ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों को रोककर नियमों की जानकारी तथा पालन करने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

#### सख्ती के साथ जागरूकता जरूरी

अफसर के अनुसार ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ नियमित चालानी कार्रवाई ट्रैफिक पुलिस कर रही है। इसी क्रम में यातायात नियमों की जानकारी लोगों तक पहुंचाने के लिए नया तरीका निकाला गया है। इसी कड़ी में शुक्रवार को शास्त्री चौक, मरीन ड्राइव तथा रेलवे स्टेशन चौक पर यातायात की पाठशाला कार्यक्रम का एसएसपी ने शुभारंभ किया।

# प्रतिबंध के बावजूद बाजार में बिक रहा होली मुखौटा



**रायपुर।** होली में मुखौटा की बिक्री और पहनना प्रतिबंधित है। इसके बावजूद राजधानी रायपुर के बाजार में कई थोक एवं चिल्हर दुकानों में मुखौटा बिक रहा है। इन दुकानों के विरुद्ध कार्रवाई करना तो दूर, इन दुकानों की पड़ताल तक नहीं की जा रही है। इसके कारण प्रतिबंधित मुखौटों की शहर में धड़ल्ले से बिक्री हो रही है।

शहर के उरला क्षेत्र में होली की कई चिल्हर दुकानें सजी हुई है। इन दुकानों में एक दुकान में मुखौटा बेचा जा रहा था। पुलिस ने इस दुकानदार के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए दुकान से बड़ी मात्रा में मुखौटा जब्त किया है।

पुलिस ने दुकानदार को हिदायत भी दी कि दोबारा मुखौटा बेचते मिला तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# केंद्रीय संयुक्त सचिव पहुंचीं हमर लैब व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की संयुक्त सचिव आराधना पटनायक ने जिला अस्पताल में संचालित हमर लैब का भ्रमण कर वहां की जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। बीते वर्ष में 90 लाख से ज्यादा टेस्ट किए जाने की जानकारी पर उन्होंने हमर लैब के स्टाफ को शाबाशी दी।

संयुक्त सचिव ने शुक्रवार को निरीक्षण के दौरान पंजीयन, सैंपल कलेक्शन काउंटर, आयुष्मान कक्ष, कियोस्क एवं सहायता केंद्र, बैक्टिरियोलॉजी लैब, हिमैटोलॉजी लैब, कल्चर कक्ष और कोल्ड कक्ष का अवलोकन किया। इस दौरान उन्हे जानकारी दी गई कि लैब में 120 तरह के जांच की सुविधा है।



यहां बीते वर्ष वर्ष-2023 में 90 लाख 57 हजार 888 मरीजों के टेस्ट किए गए हैं। वर्ष-2022 में यह संख्या 51 लाख 85 हजार 309 थी। इस दौरान उन्होंने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मठपुरैना के निरीक्षण के दौरान मरीजों के लिए प्रचलित टोकन सिस्टम के बारे में पूछा। उन्होंने खुद टोकन डिस्पेंसर से टोकन निकालकर देखा और रोजाना ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या की जानकारी ली। टीकाकरण कक्ष, ड्रेसिंग रूम, महिला वॉर्ड, लेबर रूम और फॉर्मेसी का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त संचालक डॉ. एसके पामभोई, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी, सिविल सर्जन एसके भंडारी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के प्रभारी राज्य कार्यक्रम प्रबंधक आनंद साहू मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### खुसरुपाली स्कूल में जल संरक्षण दिवस मनाया

**महासमुंद।** बागबाहरा ब्लाक अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला खुसरुपाली में 22 मार्च को विश्व जल दिवस को मनाया गया। छात्रों द्वारा जल बचाने एवं संरक्षण का शपथ ली गई। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकों ने जल संरक्षण पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर शिक्षिक धीरज तिवारी, उषा चंद्राकर, भामा दीवान और बाल बाल केबिनेट के सदस्यगण उपस्थित रहे।

### शहीद दिवस पर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में शहीद वीर भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव को श्रद्धांजलि दी गई। जिसमें मितानिन कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, गायत्री चंद्राकर, भूषण चंद्राकर, रुपेश चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर आदि ने कहा ने कि भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव ने भारत देश के लिए अपना बलिदान दे दिया। भारत देश में हर साल 23 मार्च को शहीद दिवस के रूप से मनाया जाता है।

### बनपचरी स्कूल में विदाई समारोह हुआ



**महासमुंद।** प्राथमिक स्कूल बनपचरी में 5वीं के बच्चों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। क्लास चौथी के बच्चों ने स्वागत सम्मान कर उपहार भेंट किया। इस अवसर पर हाईस्कूल बनपचरी से व्यख्याता पूर्णिमा मानिकपुरी, निकिता चंद्राकर, उच्च प्राथमिक स्कूल से कल्याण पटेल, प्रेम चंद लोधी, संकुल समन्वयक महेंद्र ध्रुव, प्राथमिक स्कूल की प्रधानपाठक अंजु ध्रुव, मनोज कुलदीप, अशोक निषाद, समूह के जानकी ध्रुव, सविता ध्रुव, पार्वती ध्रुव, शोहद्रा, अलका, सुलेना, सावित्री गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

### छात्रों को कराया गया न्योता भोज



**महासमुंद।** बनपचरी स्कूल में विदाई समारोह के साथ न्योता भोज का आयोजन किया गया। सिद्धि महिला स्वसहायता समूह द्वारा न्योता भोज कराया। इसमें केला, भजिया, टमाटर, चटनी, चावल, दाल परोसा गया। इस मौके पर व्यख्याता पूर्णिमा मानिकपुरी, निकिता चंद्राकर, उच्च प्राथमिक स्कूल से कल्याण पटेल, प्रेम चंद लोधी संकुल समन्वयक महेंद्र ध्रुव, प्राथमिक स्कूल की प्रधानपाठक अंजु ध्रुव, मनोज कुलदीप, अशोक निषाद, समूह के जानकी ध्रुव, अलका, सुलेना, सावित्री गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

## पेज 11 के शेष

### बिलाईगढ़ में 110...

माह वीएचएनडी की बैठक होती है, जिसमें हमारे स्वास्थ्य विभाग से ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरुष व महिला वहां उपस्थित होते हैं और उनके द्वारा लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी जाती है, जिसमें मुख्यतः टीबी, मलेरिया और कुष्ट संबंधी जानकारी दी जाती है।

### गितकेरा स्कूल में ...

वर्षगांठ, राष्ट्रीय पर्व, त्योहार आदि के अवसर पर स्कूली बच्चों के साथ भोजन में पूरक भोजन के रूप में स्वयं से भोजन, पकवान व फल को शामिल किया जा सकता है। उक्त अवसर पर शिक्षक बलकरण वर्मा, विजय कुमार साहू, लिलेश्वरी वर्मा, खिलेश्वरी ध्रुव, शशि बाई चक्रधारी, लीलाबाई यादव, बुधियारिन यादव, नर्मदा श्रेय, मोतिम, प्रेमबती यादव, मंत राम वर्मा आदि उपस्थित थे।

# शराब की अवैध बिक्री करने वालों पर हो कार्रवाई, शांति समिति की बैठक में उठा मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

शहर थाना में एसडीएम नितिन तिवारी, एसडीओपी आशीष अरोड़ा, शहर व ग्रामीण थाना के दोनों थाना प्रभारी और ट्रैफिक इंचार्ज की उपस्थिति में विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि, पत्रकारगण, समाजसेवी व आम नागरिकों की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक हुई।



बैठक में मुख्य रूप से जनप्रतिनिधियों ने अवैध शराब की बिक्री में लिप्त असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई का मुद्दा उठाया।चौक-चौराहो में और अधिक पेट्रोलिग करने का आग्रह किया गया।

नगर के पिछड़े वार्ड में जहां अव्यवस्था की स्थिति हमेशा निर्मित होती है, वहां अधिक से अधिक कारवाई किए जाने की बात रखी। शांति समिति की बैठक में नगर पालिका एवं सिविल अस्पताल की व्यवस्था को और अधिक सुधारने के लिए सर्वसम्मति से विचार रखा गया। नगर में अशांति फैलाने वालों को गिरफ्तार करने के बाद शीघ्र ना छोड़ने की बात पत्रकारों द्वारा उठाई गई। एसडीओपी आशीष अरोरा द्वारा होली त्यौहार में विशेष कर आगामी तीन दिनों में शहर में शांति व्यवस्था बनाने के लिए उठाए जाने वाले आवश्यक कदमों को विस्तार से बताया। बैठक में उपस्थित एसडीएम नितिन तिवारी द्वारा नगर में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाये जाने की बात कही।

## शांति एवं भाईचारे के साथ मनाया जाएगा होली पर्व



**सिमगा।** नगर पंचायत सिमगा एवं ग्रामीण क्षेत्रों में होली का त्यौहार शांति एवं भाईचारे के साथ मनाने के लिए सिमगा थाने में शान्ति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एसडीएम अंशुल वर्मा, तहसीलदार अनिरुद्ध मिश्रा, थाना प्रभारी गोपाल धुर्वे, सीएमओ यशवंत वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष भागवत सोनकर ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वर्तमान में चुनाव आचार संहिता प्रभावी होने के कारण कोई भी कार्यक्रम आयोजन के पूर्व सक्षम अधिकारी से अनुमति लेना आवश्यक है। इसी प्रकार रात्रि 10 से सुबह 6 बजे तक डीजे एवं अन्य साउंड सिस्टम चलाना प्रतिबंधित रहेगा। अधिकारियों ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाये रखने में आमजन प्रशासन का सहयोग करें। इसी तरह तीन सवारी व नशे की हालत में बाइक चलाने वालों तथा अशांति पहुंचाने वालों पर पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी। जबरदस्ती किसी को रंग न लगाया जाए। शांति समिति की बैठक में समाज प्रमुखों नगर के वरिष्ठजनों द्वारा महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने व अवैध शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की बात कही गई। उक्त बैठक में नागरिक जनप्रतिनिधिगण पत्रकार मौजूद थे।

### बैठक : जिले में धारा 144 लागू, कलेक्टर ने जारी किए आदेश

# घातक हथियार तथा विस्फोटक सामग्री लेकर चलने वालों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने आचार संहिता के साथ जिले में 144 धारा लागू किया है। दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144, 1 एवं 2 के अन्तर्गत निर्वाचन के दौरान शांति–व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिला–सारंगढ़–बिलाईगढ़ के सम्पूर्ण क्षेत्र में प्रतिबंधात्मक निषेधाज्ञा है। इसके अंतर्गत जिला– सारंगढ़–बिलाईगढ़ के अंदर कोई भी व्यक्ति, किसी भी प्रकार का घातक अस्त्र–शस्त्र यथा बन्दुक, रायफल, पिस्टल, भाला, यल्लम, बरछा, तलवार, गुप्ती, खूखरी लाठी एवं अन्य प्रकार के घातक हथियार तथा विस्फोटक सामग्री लेकर किसी भी सार्वजनिक स्थान, आम सडक, रास्ता, सार्वजनिक सभाओं,रैली, जुलूस एवं अन्य स्थानों पर नहीं चलेगा। जिला–सारंगढ़–बिलाईगढ़ में कोई भी राजनैतिक दल या अभ्यर्थी सशस्त्र जुलूस नहीं निकालेगा और आपत्तिजनक नारे नहीं लगायेगा। आपत्तिजनक पोस्टर आदि प्रदर्शित वितरित नहीं करेगा।

**कलेक्टर के निर्देश, नियम की अनदेखी करने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई**

मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व की अवधि में किसी भी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र, नारेबाजी या प्रचार प्रसार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति, दल, भारतीय दण्ड विधान की धारा 188 के अंतर्गत दण्डनीय होगा। यह आदेश उन व्यक्तियों शासकीय अधिकारियों कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा, जिन्हें अपने कार्य संपादन के लिए लाठी शस्त्र रखना आवश्यक है तथा उन व्यक्तियों पर भी लागू नहीं होगा, जिन्हें शारीरिक दुर्बलता, वृद्धावस्था या दिव्यांग होने कारण सहकारी के रूप में लाठी रखना आवश्यक होता है।

### सार्वजनिक सभाओं, रैली और जुलूस के लिए लेनी होगी अनुमति

सारंगढ़–बिलाईगढ़ के अंदर कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह या दल, बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के न तो कोई सभा करेगा न कोई रैली या जुलूस निकाल सकेगा। साथ ही किसी भी प्रकार का धरना प्रदर्शन, चक्का जाम एवं पुतला दहन किसी भी स्थिति में वर्जित रहेगा। कोई भी राजनैतिक दल अथवा व्यक्ति द्वारा आमसभा, जुलूस, घरना आदि आयोजित करने के 24 घंटा पूर्व उसकी विधिवत लिखित सूचना सक्षम प्राधिकारी को देगा तथा अनुमति प्राप्त होने के बाद संबंधित राजनैतिक दल अथवा व्यक्ति आम सभा, जुलूस, धरना आदि का आयोजन कर सकेगा। कोई भी राजनीतिक दल अथवा व्यक्ति जिला सारंगढ़–बिलाईगढ़ के अन्तर्गत आने वाले नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के किसी भी धार्मिक स्थल या उसके आस–पास 100 मीटर की परिधि में आमसभा का आयोजन नहीं करेगा और न ही धार्मिक स्थलों का उपयोग किसी भी तरह के राजनीतिक प्रयोजनों के लिए करेगा। किसी भी राजनीतिक दल अथवा व्यक्ति द्वारा बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से किसी प्रकार के नारे–बाजी या प्रचार प्रसार एवं वक्तव्य का उद्घोष नहीं करेगा।

### ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग पर लगा प्रतिबंध

**भटगांव।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने जिले में निर्वाचन, स्कूल कालेज के विद्यार्थियों के परीक्षा और शोरगुल से बीमार, वृद्धजनों सहित आम नागरिकों के अत्यधिक परेशानियों के मद्देनजर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी को नियंत्रण करने के लिए कोलाहल प्रतिबंधित आदेश जारी किया है। यह प्रतिबंध आगामी आदेश पर्यंत तक सम्पूर्ण सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले में प्रभावशील रहेगा। इसके अंतर्गत रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग, सक्षम अधिकारी की अनुमति प्राप्त कर सामान्यतः किया जा सकता है, परन्तु शैक्षणिक संस्थाओं, रिहायशी क्षेत्रों, चिकित्सालय, नर्सिंग होम, न्यायालय परिसर, शासकीय कार्यालय, छात्रावास, नगर पालिका परिसर, जनपद पंचायत एवं अन्य किसी स्थानीय निकाय के कार्यालयों, बैंक, पोस्ट ऑफिस, दूरभाष केन्द्र आदि से 100 मीटर की दूरी के भीतर ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग सामान्य स्थिति में भी पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाता है। अत्यंत आवश्यक परिस्थितियों में सक्षम अधिकारी की लिखित अनुमति प्राप्त कर धीमी गति से ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग किया जा सकता है, किन्तु सक्षम अधिकारी, इस प्रकार की अनुमति देने के पूर्व क्षेत्र की विशेष परिस्थितियों, जन सुविधा एवं लोक शांति आदि का पूर्ण परीक्षण करके तथा अपने विवेक का समुचित प्रयोग करके ही लिखित अनुमति देंगे।आवश्यक परिस्थितियों में ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग के लिए अनुमति जिला मुख्यालय पर, अनुविभागीय दण्डाधिकारी सारंगढ़ एवं अनुविभाग मुख्यालयों पर अनुविभागीय दण्डाधिकारी, तहसील मुख्यालयों में तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, उप तहसील मुख्यालयों में अतिरिक्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, तथा जहां उपरोक्त मुख्यालय न हों वहां ग्रामीण क्षेत्रों के लिए संबंधित थाना प्रभारी की लिखित पूर्वानुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, 1985 की धारा–04 तथा ध्वनि प्रदुषण नियम, 2000 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नगर पालिका एवं नगर पंचायत की सीमा से बाहर के क्षेत्रों में एवं अन्य क्षेत्र, जो नगर पालिका अथवा नगर पंचायत की सीमा के अन्तर्गत आते हैं, में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग किया जाना अथवा करवाया जाना पूर्ण रूप से निषेध है। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग विशेष परिस्थितियों में अनुमति लेकर किया जा सकेगा, किन्तु ऐसे ध्वनि विस्तारक यंत्र साधारण किस्म के होंगे एवं मध्यम आवाज में ही प्रयोग किए जायेंगे।

# श्रीराम कथा का आयोजन 27 से, तैयारी के लिए हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

स्थानीय आस्था युवा मंच द्वारा 27 मार्च से 4 अप्रैल तक श्रीराम कथा का आयोजन रखा गया है। तैयारी के लिए शनिवार को बैठक आयोजित की गई।

ज्ञात हो कि आस्था युवा मंच द्वारा श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी तैयारी जोरों से चल रही है । कथा वाचक आचार्य सागर मिश्रा द्वारा प्रथम दिवस श्रीराम कथा महिमा, द्वितीय दिवस शिव पार्वती विवाह, तृतीय दिवस श्रीराम जन्मोत्सव, चतुर्थ दिवस बाल लीला, पंचम दिवस सीताराम विवाह, छठवा दिवस श्रीराम मंगल यात्रा केंवट प्रेम, सातवां दिवस भरत चरित्र, अष्टम दिवस शबरी प्रेम एवं नवम दिवस सुंदर काण्ड श्रीराम राज्याभिषेक का कथा श्रोताओं को सुनाया जाएगा। कथा दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक चलेगी। समिति के सदस्यों ने बड़ी संख्या में श्रोताओं को रोजाना पहुंचने अपील की है। इस अवसर पर दिनेश मिश्रा, देवेंद्र साहू, सुनील तिवारी, प्रवीण ढोमने, गुनी राम साहू के अलावा समिति के सदस्य संतोष वर्मा, कमलेश कश्यप, धनंजय साहू, संतोष साहू सहित बड़ी संख्या में समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### महाविद्यालय में लैंग्वेज लैब का प्रशिक्षण

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्रों को अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा के बारीकियों को सिखाने के लिए लैंग्वेज लैब का निर्माण किया जा रहा है। लैब के सुचारू संचालन के लिए वर्ड्स वर्थ लैंग्वेज प्रोग्राम सेंटर गुजरात द्वारा महाविद्यालय के हिंदी एवं अंग्रेजी विभाग के प्राध्यापकों को ऑनलाइन प्रशिक्षण तीन चरणों में दिया जा रहा है। प्रशिक्षक के रूप में भाषा वैज्ञानिक ऐलिन जान एवं अरिंदम भट्टाचार्य ने वीडियो काम्फ्रेसिंग के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया।

## कॉलेज में खेली गई सदभावना होली...



**पलारी।** महाविद्यालय में इस वर्ष भी छात्र छात्राओं द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आतिथ्य व्याख्याता डॉ. कंचन गिलहरे, रानू वर्मा, हेमलता वर्मा ने छात्र छात्राओं को होली में बेरंग सी जिंदगी में हमेशा हंसी खुशी रहने के लिए शुभकामनाएं प्रेषित किया, जिसमें प्रमुख रूप से परमेश्वर साहू, डिकेशवर साहू, हेमन्त, युवराज, गैदराम, दीपक, अजय, किशन, योगेश, कल्पना वर्मा, ओमेशवरी साहू, देविका, हर्षा साहू, मनीषा, नंदिता, पूजा आदि छात्राओं ने होली मिलन समारोह को सफल बनाया।

# क्विज प्रतिभागी छात्र हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



भारती विद्या मंदिर रवान में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक के छात्र–छात्राओं को पुरस्कार वितरण वितरण एवं सम्मानित किया गया। विद्यालय में वर्षभर में विभिन्न तरह के गतिविधियां हुई है जैसे क्विज कंपीटीशन, गीत संगीत प्रतियोगिताएं, कविता भाषण, खेल खुद प्रतियोगिताएं, इन सभी में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरुस्कार के साथ सम्मानित किया गया। इसके अलावा स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस, वार्षिकोत्सव, विभिन्न त्योहारों के उत्सव आदि में भाग लेने वाले बच्चों को भी सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के संचालक शशिकांत साहू, प्राचार्य तेजराम साहू के हाथों से यह सम्मान प्रदान किया गया। संचालक द्वारा अपने वक्तव्य में कहा गया की पुरस्कार व सम्मान से बच्चों में मनोबल बढ़ता है और आगे भी इसी तरह के कार्यक्रमों में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेते रहेंगे। विद्यालय का उद्देश्य ही है कि बच्चों में सर्वांगीण विकास हो। विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को बेहतर ढंग से शिक्षित व संस्कारवान बनाया जा सकता है। पुरस्कार व सम्मान पाकर बच्चे काफी हर्षित हुए।

कार्यक्रम के प्राचार्य ने बच्चों के हौसला बढ़ाते हुए कहा कि वह आगे इसी तरह के कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर कर हिस्सा लेते रहे और अपने और विद्यालय का नाम रोशन करते रहे। इसी के साथ प्राचार्य द्वारा उपस्थित अतिथिगणों का आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के एडमिन हितेश वैष्णव, सांस्कृतिक प्रभारी सालिक मारकंडे, समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र–छात्राएं अधिक संख्या उपस्थित थे।

# देवसुंद्रा के होलिकोत्सव पर डंडा नाच का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

विकासखंड पलारी के ग्राम देवसुंद्रा में इस वर्ष भी ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा डंडा नाच किया जा रहा है। प्राचीन परंपरा के अनुसार होली से पहले डंडा नाच कार्यक्रम घुम घुम कर किया जाता है। बजरंग चौक में हनुमानजी की पूजा अर्चना कर डंडा नाच शुरू किए। डॉ. कोमल वैष्णव और हुलास वर्मा ने कलाकारों का गुलाल से स्वागत किया। डंडा नाच समिति के शिवलाल साहू, धनी राम साहू, रोहित वर्मा, रामलाल वर्मा, सोहन साहू, धर्मेंद्र साहू, चुम्मन साहू, यशवंत धीवर द्वारा प्रस्तुति दी जा रही है। इसका समापन रंगोत्सव के दिन होगा।

# समाज कल्याण एवं मत्स्य पालन के दफ्तर में 15 कर्मचारी मिले अनुपस्थित, सभी को कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला कलेक्टर गौरव सिंह के औचक निरीक्षण से जिले के विभिन्न विभागों के दफ्तरों में पदस्थ कर्मचारियों के ड्यूटी से गायब रहने एवं घंटों विलंब से आने की पोल खुलने लगी है। कलेक्टर ने शुक्रवार को सुबह 10.25 से 11.40 बजे के बीच कलेक्टोरेट परिसर स्थित समाज कल्याण और तेलीबांधा स्थित उप संचालक मत्स्य पालन विभाग के कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान इन दोनों कार्यालयों में 15 कर्मचारी अनुपस्थित मिले, जिसके बाद कलेक्टर के निर्देश पर सभी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इससे एक दिन पूर्व भी कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कृषि, खाद्य, आबकारी, भू-अभिलेख, आदिवासी विकास आदि कार्यालयों का भी निरीक्षण करते हुए 127 कर्मचारियों को कार्यालयों में अनुपस्थित पाए जाने पर नोटिस जारी कराया है। जिले में एक ओर जहां लोकसभा चुनाव की तैयारियां चल रही है, वहीं दूसरी ओर विभिन्न विभागों के कार्यालयों में पदस्थ कर्मचारियों का अपने ड्यूटी के प्रति लापरवाही एवं मनमानी देखी जा रही है। कर्मचारी बिना पूर्व अनुमति के कभी भी छुट्टी ले लेते हैं, वहीं कई कर्मचारी घंटों विलंब से ड्यूटी पर पहुंच रहे हैं। इसके कारण इन विभागों में जहां कामकाज प्रभावित हो रहा है, वहीं आम लोगों को भी अपने काम के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।



# खस्ताहाल सड़क ने ग्रामीणों की बढ़ाई परेशानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहांसी

पलारी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम सोनारदेवरी से बांसबिनौरी को जोड़ने वाली सड़क अत्यंत जर्जर स्थिति में है, जहां राहगीरों को चलने में मशक्कत करनी पड़ती है। विगत दिनों हुई बेमौसम बारीश ने सड़क का हाल और भी बुरा कर दिया, जहां जगह-जगह गड्ढों की श्रृखंला बन गई तथा मार्ग किचड़ से सरोबार हो गया। बरसात के दिनों में स्थिति और बदतर हो जाती है। ग्रामीण नरकीय जीवन जीने मजबूर हैं। बांसबिनौरी के विद्यार्थी सोनारदेवरी में अध्ययन करने जाते हैं।

## खबर संक्षेप

### महिला मोर्चा ने सरकार का जताया आभार

**भाटापारा।** विधानसभा के अंतर्गत भाटापारा मंडल में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार के 100 दिन पूर्ण होने एवं महतारी वंदन के तहत प्रति विवाहित महिला को 1000 देने तथा होली मिलन के उपलक्ष्य में कार्यक्रम मुंशी स्माइल वार्ड में रखा गया। इसमें उपस्थित महिला मोर्चा के अध्यक्ष नीरा देवी साहू, मंडल उपाध्यक्ष आयशा खान, चंद्रकला साय, महिला मोर्चा की मधु सोनी एवं तनुजा घृत लहरे सहित वार्ड वासी एकत्रित हो कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार जताया।

### रोजा मन और तन को निर्मल करता है: डॉ. फारूकी

**हिरमी रावन।** इस्लाम में सबसे महत्वपूर्ण महीना रमजान को माना जाता है। डॉ. अयाज अहमद फारूक़ी ने बताया कि इस पाक महीने में अल्लाह अपने बंदों को हर नेकी का बदला 70 गुना देता है। रोजा मन और तन की गंदगी दूर करता है। रोजा केवल भूखे रहने का नाम है, बल्कि भूख प्यास के बाद भी इंद्रियों को वस में रख कर शारीरिक और रूहानी रूप से अनुशासित रहने का प्रशिक्षण है। डॉ. फारूक़ी ने कहा कि इसी महीने में पवित्र क़ुरान करीम नाजिल हुआ। क़ुरान हमें मानव उत्थान आपसी भाई चारा विश्व शांति का संदेश देता है। ये छुआ छूत, सामाजिक, आर्थिक भेदभाव को मिटाने का भी संदेश देता है। इस माह गरीबों जरूरत मदद, प्रेम, भाई चारा, इंसानियत हमदर्दी के साथ ही अपने देश के उत्थान और शांति का भी संदेश देता है। इस माह अपने रब की ज्यादा से ज्यादा बंदगी कर उसे राजी करे और अपने जाने अनजाने गुनाहों की माफी मांगनी चाहिए।

### पाली स्कूल में छात्रों को कराया नेवता भोज



**महासमुंद।** पोषण शक्ति आहार योजना के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला पाली संकुल केंद्र सोरम सिंघी विकासखंड बागबाहरा में बच्चों के लिए नेवता भोज का कार्यक्रम शिक्षकों द्वारा रखा गया। शिक्षक राजेश दीवान ने अपने जन्मदिन पर केक एवं केला की व्यवस्था किया गया। शिक्षक बालेश्वर साहू ने आगामी जन्मदिवस पर जलेबी एवं संस्था के प्रधान पाठक कमल नारायण ध्रुव, शिक्षक राकेश चंद्राकर, ताराचंद चंद्राकर, भूपेंद्र चंद्राकर एवं पंकजनी सिंह द्वारा खीर -पुड़ी, पापड़,आचार, सलाद एवं दाल चावल सब्जी की व्यवस्था किया गया। कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य आरडी निराला, संकुल समन्वयक पीतांबर पाठक, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यगण, पालक, रसोइया एवं सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पुलिस प्रेक्षक के लाइजनिंग ऑफिसर नियुक्त

**महासमुंद।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए महासमुंद जिले के लिए नियुक्त प्रेक्षक के सहयोग के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने उप वनमंडलाधिकारी अनिल भास्करन को पुलिस प्रेक्षक के लाइजनिंग ऑफिसर का दायित्व सौंपा है।

पर्व : शिक्षकों ने बच्चों के साथ छत्तीसगढ़ के पारंपरिक फाग गीतों का आनंद लिया

# बच्चों ने खेली होली, जमकर उड़ाए अबीर-गुलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरम

ज्ञानोदय शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय हिरमी के बच्चों ने होली समारोह में एक-दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी। शिक्षकों ने सभी बच्चों को होली के महत्व के बारे में बताया। इस दौरान बच्चों द्वारा होली से संबंधित कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। बच्चों ने फूलों की होली खेलकर व तिलक लगाकर होली मनाई। साथ ही बच्चों को होली के त्यौहार के बारे में बताया गया और जल संरक्षण की सीख दी गई। स्कूल में बच्चों को तिलक होली मनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में बच्चों को बताया गया कि रंगों से त्वचा व आंखों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचता है। पानी का पहले से ही अभाव है। इसलिए गुलाल का प्रयोग करें और पानी बचाएं। बच्चों ने भी तिलक होली लगाने का संकल्प लिया। शाला के बच्चों और शिक्षकों ने एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। शिक्षकों ने बच्चों के साथ छत्तीसगढ़ के पारंपरिक फाग गीतों का आनंद लिया। विदित हो कि शाला में वर्ष भर त्यौहारों पर कार्यक्रम किया जाता है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य बच्चों को त्योहारों के बारे में जानकारी देना होता है। होली के इस कार्यक्रम में प्राचार्य पीआर वर्मा, दिलेश्वर मढ़रिया, अजय निर्मलकर, हरिश वर्मा, ललित राजकपूर, पंकज, शैल, रमा, सीमा वर्मा, छाया, पूर्णिमा, योगिता सिन्हा, गिरजा आदि शिक्षक शिक्षिकाओं का योगदान सराहनीय रहा। शिक्षकों ने बताया कि होली हमेशा सूखे रंगों से ही खेलना चाहिए। इससे कई प्रकार की त्वचा की बीमारियों से बचा जा सकता है। स्कूल में छात्रों का उत्साह देखने लायक था। छात्र-छात्राओं ने फिल्मी गीतों से लेकर गांव में गाये जाने वाले फाग गीत गाये। फाग के गीतों पर छात्रों ने जमकर धमाल मचाया। गीत गाते छात्रों ने जब गुलाल उड़ाए तो शिक्षकों ने भी बच्चों को गुलाल का टीका लगाया। होली गीतों पर छात्रों ने जमकर डांस किया।



### छड़िया स्कूल में मनाया गया होली पर्व

खरोरा। संकुल केंद्र पचरी अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में शिक्षकों ने छात्रों के साथ जमकर रंग गुलाल खेला। शिक्षक धीरेंद्र वर्मा ने कहा कि हम छात्रों के साथ सूखी होली मनाकर छात्रों को सुखी होली मनाने के लिए प्रेरित किए है। प्रधान पाठक एसके देवांगन ने छात्रों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों को होली की शुभकामनाएं दी।




### मनरेगा श्रमिकों ने खेली होली



बंगोली। जनपद पंचायत तिल्दा के ग्राम पंचायत पिकरीडीह में मनरेगा मजदूरों ने कार्य स्थल पर रंग गुलाल से खेली होली। सरपंच दाऊ भागवत धीवर ने समस्त ग्रामवासियों को होली पर्व की शुभकामनाएं दी। शॉतिपूर्वक होली खेलने तथा जबर्दस्ती रंग गुलाब न लगाने की अपील की। तत्पश्चात श्रमिकों को नास्ता, चाय कराया गया। इस अवसर पर ग्राम रोजगार सहायक जगदेव राम कंडरा, चंद्रिका पाटिल मेट, रोहित धीवर मेट, राधा धीवर मेट, भागबली धीवर सहित ग्राम के अन्य मनरेगा श्रमिक उपस्थित थे।

### सशिमं के बच्चों ने मनाई होली

हिरमी-रावन। सरस्वती शिशु मंदिर मोहरा में होली पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्रों ने एक-दूसरे को गुलाल लगा कर होली की बधाई दी। पर्व मनाने विद्यालय के नन्हें मुन्ने बच्चे राधा कृष्ण की वेशभूषा में स्कूल आये थे। होली की धुन के बीच बच्चों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किये। इसके बाद बच्चों ने अपने विद्यालय की शिक्षकों को टीका लगाकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान प्राचार्य सुनीता यादव ने बच्चों को होली की बधाई दी। उन्होंने कहा पर्व के बाद वार्षिक परीक्षाओं का दौर प्रारम्भ होगा। होली मनाने के बाद सभी छात्र परीक्षा की तैयारी में जुट जाएं, जिससे उन्हें अच्छी सफलता मिल सके।



### शिक्षकों ने बच्चों के संग खेला रंग-गुलाल



**खरोरा।** रंगों के त्योहार होली मनाने के लिए लोग में भारी उमंग देखा जा रहा है। स्थनीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा में होली रंगों का और उत्साह का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। भारतीय संस्कृति में होली का अलग ही महत्व है। होली से पहले लोगों पर रंग चढ़ने लगा है। एक-दूसरे को चंदन का टीका और अबीर गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई दी। सभी जल एवं वृक्ष की सुरक्षा करें, सुखी होली खेले पर्यावरण बचाएं। हालांकि इस वर्ष होली पर्व का उत्सव अधिक उन्हें की आशंका लगाई जा रही है, क्योंकि इस वर्ष होली का पर्व बोर्ड और लोकल कक्षाओं की परीक्षाएं समाप्त हो चुकी है। यानी कि बच्चे से लेकर युवा वर्ग द्वारा होली का पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा। वहीं स्कूल की प्राचार्य अश्वनी पाटकर ने सभी छात्र छात्राओं को सुखी होली मनाने प्रेरित किया।

### छात्रों को होली पर्व मनाने के गिनाए गए तरीके

**खरोरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बरडीह में सुरक्षित होली कैसे मनाएं की जानकारी माह के चतुर्थ शनिवार को छात्र-छात्राओं को बताया गया। शिक्षकों ने कहा- होली रंगों का त्यौहार है, जो रंग जीवन को रंगीन बनाता हैं, पर हमारी थोड़ी सी असावधानी से रंग हमारे जीवन को बदरंग भी बना सकते हैं। इसलिए होली में सावधानी रखे और उल्लास से होली मनाएं। होली के लिए लकड़ी लोगों के सहयोग से इकट्ठा करें। वनों या पर्यावरण को नुकसान न पहुंचाए। होली में गुब्बारे का उपयोग न करें, क्योंकि गुब्बारे में पानी या रंग भरे होते हैं जो हादसा का कारण बनता हैं। कार्यक्रम का संचालन शाला प्रमुख मनहरण लाल वर्मा, शिक्षक विशेषर वर्मा, चरित कुमार ध्रुव, संजय बंछोर, हेमकुमारी साहू उपस्थित रहे।



## भरवाड़ीह स्कूल में मनाया गया विश्व जल दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय भरवाड़ीह कला में विश्व जल दिवस मनाया गया, जिसमें बच्चों ने जल संरक्षण पर पोस्टर, चित्र बनाएं और जल के महत्व को बताते हुए स्लोगन, कविता, भाषण प्रस्तुत किया। विद्यालय के इको क्लब के सदस्यों ने जल बचाने के लिए संकल्प लिया और लोगों को जागरूक करने की शपथ ली। विद्यालय के प्रधान पाठक दिनेश कुमार वर्मा ने आवश्यकता अनुसार पानी के उपयोग करने और पानी को व्यर्थ बर्बाद ना करने की सलाह दी। विज्ञान शिक्षक वीरेंद्र कुमार वर्मा ने विश्व जल दिवस मनाने के कारण को बताते हुए कहा कि विश्व में जल संकट विकराल रूप ले रहा है, अतः हमें पानी की कीमत समझनी होगी और उसे बचाने के पूर्ण प्रयास करने होंगे।

## 9 माह से सस्पेंड कर्मचारी लगा रहा न्याय की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

- जांच होने के बाद भी बहाली नहीं, जांच अधिकारी ने कहा- रिपोर्ट डीईओ को सौंप दिए

विकासखंड कसडोल के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटगी में भृत्य के पद पर पदस्थ शंकर लाल यादव ने जबरजस्ती मुद्दा बनाकर निलंबित करने का आरोप लगाया है। वहीं निलंबन के बाद आज 9 माह से बहाली के लिए अधिकारियो के दफ्तर का चक्कर काटने को मजबूर है, निलंबित शंकर लाल यादव ने बताया कि बीते 14 जुलाई 2023 को मुझे जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सूचना दी गई कि कटगी स्कूल के प्राचार्य से दुर्व्यवहार किये जाने एवं कर्तव्य में लापरवाही बरते जाने के कारण प्राचार्य के प्रतिवेदन पर कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कसडोल में व्यवस्था की गई थी। लेकिन कार्यव्यहार में कोई सुधार नहीं होने के कारण शाला में शान्ति व्यवस्था में बाधा उत्पन्न होने का लेख करते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुऐ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विपरीत होने से छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत निलंबित किया गया है। लेकिन 9 माह में मेरे द्वारा कई बार जांच के लिए आवेदन दिया गया, लेकिन जांच नहीं हो पाई। इधर जो आरोप मुझ पर प्रधानपाठक द्वारा लगाया गया वह बेबुनियाद है। लेकिन मैं छोटा कर्मचारी होने के कारण मुझे केवल घुमाया जा रहा है, जबकि इतने समय तक विकासखंड कसडोल में किसी भी भृत्य को निलंबित नहीं किया गया है। इधर जांच किए अधिकारी एबीईओ अरविंद ध्रुव ने कहा कि जांच अधिकारी मुझे बनाया गया था, पूरी रिपोर्ट मैंने डीईओ को सौंप दिया है। अब आगे की कार्रवाई डीईओ करेंगे। हालांकि जांच अधिकारी ने भी कहा कि जांच में जो आरोप लगाया गया है, उसकी पुष्टि नहीं हुई है। फिलहाल अब देखना होगा कि भृत्य शंकर लाल यादव को कब बहाल किया जाता है।




## अपराध रोकने थाने में हुई शांति समिति की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

होली त्यौहार के मद्दे नजर सुहेला थाना परिसर में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें ए एस आई सुहेला तहसीलदार सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इस दौरान ए.एस.आई. वी एस केसरिया ने अपील कि किसी भी प्रकार की हुरदंग न करें, शांति पूर्वक होली पर्व मनाए। जबरदस्ती किसी को रंग न लगाए। आपसी शांति एवं सौहार्द पूर्वक होली मनाएं।

लोकसभा आचार संहिता लगी हुई है, जिसके मद्देनजर 4 से अधिक व्यक्ति एक जगह एकत्रित होकर असामाजिक तत्वों को बढ़ावा न दे। बच्चों की परीक्षा भी है ध्यान में रखते हुए लाउडस्पीकर शोर शराबा से दूर रहने की अपील की। आम जनता एवं जनप्रतिनिधियों से होली मनाने को लेकर भी सलाह ली गई।

## अभियान चलाकर मतदाताओं को किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

समाज कल्याण विभाग एवं जनपद पंचायत सारंगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम पंचायत हिर्री में स्वीप अन्तर्गत मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वृद्ध मतदाता और दिव्यांग मतदाता का माल्यार्पण और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। साथ ही आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान के लिए उपलब्ध विशेष सुविधाओ के संबंध में जागरूक करते हुए शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ संकल्प दिलाया। इस अवसर पंचायत के वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांग मतदाता सहित ग्रामवासियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग से उप संचालक विनय तिवारी, समाज शिक्षा संगठक सुरेश कुमार राठिया, पंचायत सचिव, पेंशन तकनीकी सहायक आनंद रात्रे सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।





